**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम गुरुवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-02 का उत्तर-**

---

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 02(क)- क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) बतायेंगे कि दिनांक 01 जनवरी, 2024 से दिनांक 28 अगस्त, 2024 के मध्य प्रयागराज व झॉसी मण्डल में संबंधित विभाग की कौन-कौन योजनाओं के अन्तर्गत जनता को क्या-क्या लाभ प्राप्त हुये है? | दिनांक 01 जनवरी, 2024 से दिनांक 28 अगस्त, 2024 के मध्य चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा प्रयागराज व झॉसी मण्डल के जिला चिकित्सालयों/संयुक्त चिकित्सालयों तथा विशिष्ट चिकित्सालयों में विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत जनता को निम्न लाभ प्रदान किये गये हैं:-<br>(1) ओ0पी0डी0/आई0पी0डी0 की सुविधायें।<br>(2) पैथोलाजी लैब से विभिन्न प्रकार की जॉचें, अल्टासाउण्ड, सी0टी0 स्कैन, एक्स-रे, स्क्रीनिंग, ब्लड जांच इत्यादि।<br>(3) 102 एवं 108 एम्बुलेंस सेवाएं के अन्तर्गत एम्बुलेंस की सुविधायें।<br>(4) टेलीरेडियोलॉजी की सुविधा।<br>(5) टेलीमेडिसिन के माध्यम से नैदानिक स्वास्थ्य सेवायें।<br>(6) आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जनआरोग्य अभियान के अन्तर्गत पात्र परिवारों को रुपये पांच लाख तक का कैशलेस ईलाज।<br>(7) राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत क्षय रोगों का निवारण।<br>(8) हाईपरटेंशन एवं डाईबिटिज की स्क्रीनिंग।<br>(9) राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत बच्चों का स्क्रीनिंग।<br>(10) प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृ स्वास्थ्य अभियान के अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व देखभाल।<br>(11) विभिन्न रोगों के निवारण हेतु टीकाकरण।<br>(12) राष्ट्रीय अन्धता निवारण कार्यक्रम के अन्तर्गत नेत्र देखभाल सुविधायें।<br>(13) राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत कुष्ठ |

| | |
|---|---|
| | रोगों का उन्मूलन।<br>(14) नसबंदी सेवायें/परिवार कल्याण कार्यक्रम।<br>(15) जननी सुरक्षा योजना प्रसव के अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं में संस्थागत प्रसव को बढ़ाकर नवजात शिशुओं की मृत्यु दर को कम करना।<br>(16) सिजेरियन प्रसव।<br>(17) मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम।<br>(18) संचारी रोग नियंत्रण अभियान,<br>(19) गैर संचारी रोग के निवारण इत्यादि योजनायें/कार्यक्रमों का लाभ जनमानस को नि:शुल्क प्राप्त कराया गया है एवं निरंतर प्राप्त कराया जा रहा है।<br>उक्त के अतिरिक्त प्रदेश के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाऐं प्रदान कर रहे हैं। |
| (ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ब्रजेश पाठक**

**उप मुख्यमंत्री।**